**बृजमोहन अग्रवाल**
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 6460/सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक 04/04/26

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री जी
छत्तीसगढ़ ।

विषयः– **शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक फ्लाईओवर निर्माण के स्थान पर सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान किए जाने बाबत्।**

––00––

माननीय महोदय,

आपके नेतृत्व में राज्य सरकार गठन के पश्चात् आपने रायपुर शहर को राजधानी के रूप विकसित करने हेतु अहम पहल की थी जिसके अंतर्गत रायपुर शहर के चारों विधायक, सांसद, महापौर, विभागीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी को बुलाकर आपने बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें मुझे भी उपस्थित रहने का अवसर प्रदान हुआ था।

उक्त बैठक में व्यापक चर्चा के उपरांत आपने रायपुर शहर के मध्य स्थित शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक जी.ई. रोड के चौड़ीकरण का महत्वपूर्ण निर्णय लिया था तथा इस कार्य के कियान्वयन हेतु रायपुर कलेक्टर सहित उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये थे, तत्पश्चात आयोजित एक दूसरी बैठक में भी आपने इस विषय पर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा–निर्देश प्रदान किये थे।

परन्तु यह अत्यंत खेद का विषय है कि आपके सपष्ट निर्देशों के बावजूद उक्त मार्ग के चौड़ीकरण के स्थान पर 2026–27 के बजट में फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा कर दी गई है, यह क्षेत्र अत्यंत संकीर्ण एवं घनी आबादी वाला होने के कारण यहां फ्लाईओवर निर्माण से आपेक्षित लाभ जनता को प्राप्त होना संदिग्ध है। इसके विपरित इससे शहर के मध्य क्षेत्र के संरचना एवं व्यावसायिक गतिविधियों पर भी प्रतिकुल प्रभाव पड़ने की आशंका है, बजट में घोषणा के बाद रायपुर शहर की जनता में इस निर्णय के प्रति व्यापक असंतोष एवं आकोश व्याप्त है।

रायपुर शहर के मध्य शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क के चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकाय चुनाव 2025 के दौरान प्रस्तुत **अटल विश्वास पत्र प्रस्तुत किया था**, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा था कि तात्यापारा–शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण समयबद्व तरीकें से पूर्ण कर यातायात को सुगम करेंगे। इस संबंध में विधानसभा में भी कई बार आश्वासन दिया जा चुका है, साथ ही बजट में भी स्वीकृति देते हुए सड़क चौड़ीकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। किन्तु अनेक प्रयासों के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाया है।

बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं.: 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 6460/सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक 4/4/26



इसके विपरीत, वर्तमान 2026–27 के बजट में सड़क चौड़ीकरण के स्थान पर फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा की गई है।

उल्लेखनीय है कि शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक लगभग 600–700 मीटर का यह मार्ग जी.ई. रोड का एकमात्र ऐसा भाग है जिसका अब तक चौड़ीकरण नहीं हो सका है। जबकि जी.ई.रोड में चरणबद्ध रूप से क्रमशः तात्यापारा चौक से आजाद चौक होते हुए आमापारा से टाटीबंध तक तथा शारदा चौक से जय स्तंभ चौक, शास्त्री चौक, घड़ी चौक होते हुए जोरा तक सड़क का चौड़ीकरण पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार जी.ई. रोड का यह छोटा सा भाग ही अब तक अविकसित रह गया है, जो वर्तमान में एक संकीर्ण मार्ग (बॉटलनेक) के रूप में परिवर्तित हो गया है।

यह क्षेत्र अत्यंत घनी आबादी एवं प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियों वाला है, जिसके कारण यहां निरंतर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क जाम के चलते न केवल स्थानीय नागरिक, बल्कि पूरे शहर का यातायात प्रभावित होता है। प्रतिदिन लाखों नागरिक इस समस्या से जूझ रहे हैं।

पूर्व से ही इस मार्ग के चौड़ीकरण हेतु बजट स्वीकृति होने के बाद शासन स्तर पर लंबित था, किंतु वर्तमान वर्ष 26–27 के बजट में फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति दी गई है। चूंकि क्षेत्र अत्यंत संकीर्ण एवं घनी बस्ती वाला है, ऐसे में फ्लाईओवर निर्माण से अपेक्षित लाभ जनता को प्राप्त नहीं हो सकेगा साथ ही इस पूरे क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां भी ठप्प हो जाएगी। ओवर ब्रीज बनने से यहां नीचे न तो चलने की जगह रहेगी और न ही सर्विस रोड बन पायेगी।

अतः आपसे विनम्र आग्रह है कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य को स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करेंगे। जिससे राजधानी रायपुर के नागरिको को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात की सुविधा प्राप्त हो सके।

आपकी सकारात्मक पहल की अपेक्षा के साथ।

सधन्यवाद।

(बृजमोहन अग्रवाल)